0

Title: Re: New Express Train towards Assam and provision of Railway Stoppage.

श्री रामप्रीत मंडल (झंझारपुर): सभापति महोदय, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मेरा क्षेत्र झंझारपुर नेपाल बार्डर पर अवस्थित है। झंझारपुर से लौखा करीब 12 सालों से अमान परिवर्तन रेलवे का काम चालू है, लेकिन अधूरा है।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि वह क्षेत्र मिथिला पेन्टिंग से जुड़ा हुआ है, मखाना की खेती से जुड़ा हुआ है। झंझारपुर लौखा बाजार नेपाल बार्डर पर अवस्थित है। अगर अधूरा काम जल्द से जल्द पूरा हो जाएगा तो वहां की जनता में खुशहाली आएगी, व्यापार और नौकरी के लिए लोग बाहर जाएंगे।

मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि दिल्ली से असम की ओर जाने वाली नई एक्सप्रेस गाड़ियां दी जाए, जो दरभंगा होते हुए वाया झंझारपुर होते हुए असम जाएगी। कोलकाता-दिल्ली से जयनगर जाने वाली ट्रेन की राजगर खजौली में ठहराव की व्यवस्था की जाए।